UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार





दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-215 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 18 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी में इन लोगों के खाते में आएगी मोटी रकम

### घर में बच्चा पैदा होने पर 50000 तक देगी सरकार




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य के उन परिवारों के लिए शानदार योजना शुरू की है, जो दिन-रात मेहनत करके गगनचुंबी इमारतें और सड़कें बनाते हैं. इस योजना का नाम 'मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना' है. इस योजना के जरिए यूपी सरकार निर्माण कार्यों में लगे पंजीकृत मजदूरों (लेबर कार्ड धारकों) के घरों में किलकारियां गूंजने पर सीधे बैंक खाते में मोटी आर्थिक मदद भेज रही है.

इस योजना में सिर्फ गर्भवती महिलाओं को पोषण के लिए ही पैसा नहीं मिलता, बल्कि घर में बेटी के जन्म लेने पर सरकार सीधे 50,000 रुपये तक की एफडी भी करवा रही है. अगर आप भी यूपी के रहने वाले हैं और मजदूरी कार्ड धारक हैं तो सरकार की इस स्कीम का फायदा कैसे और कितना मिलेगा, आइए जानते हैं...

इस योजना को सरकार ने दो मुख्य भागों में बांटा है- पहला मां की सेहत के लिए और




दूसरा बच्चे के जन्म पर मिलने वाला लाभ.

1. मातृत्व हितलाभ

पुरुष मजदूरों के लिए: अगर कोई पुरुष श्रमिक पंजीकृत है तो उसकी पत्नी के प्रसव के समय सरकार 6,000 की एकमुश्त वित्तीय सहायता देगी.

महिला श्रमिकों के लिए (अस्पताल में डिलीवरी पर): महिला मजदूर को 3 महीने के न्यूनतम वेतन के बराबर की राशि के साथ 1,000 का मेडिकल बोनस अलग से मिलेगा.

गर्भपात होने पर: अगर किसी विपरीत परिस्थिति में गर्भपात होता है, तो महिला श्रमिक को 6 सप्ताह के न्यूनतम वेतन के बराबर की आर्थिक मदद दी जाएगी.

नसबंदी कराने पर: महिला श्रमिक को 2 सप्ताह के न्यूनतम वेतन के बराबर की सहायता मिलेगी.

2. शिशु हितलाभ

बेटे के जन्म पर: सरकार सीधे 20,000 की एकमुश्त सहायता देती है.

बेटी के जन्म पर: बेटी के जन्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार 25,000 की एकमुश्त राशि देती है.बेटी के नाम पर एफडी: पहली या दूसरी बेटी (या कानूनी रूप से गोद ली गई बेटी) के जन्म पर सरकार 25,000 की फिक्स्ड डिपॉजिट भी कराती है, जो लड़की के 18 वर्ष की होने और अविवाहित रहने पर मैच्योर होगी.

दिव्यांग बेटी होने पर: यदि पैदा होने वाली बेटी दिव्यांग है तो सरकार उसके नाम पर सीधे 50,000 की एफडी करवाती है.

कौन उठा सकता है इस योजना का लाभ

सरकार ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ जरूरी शर्तें तय की हैं, जिन्हें पूरा करना अनिवार्य है. लाभार्थी महिला का उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना जरूरी है. महिला या उसका पति उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिक होना चाहिए.

लाभार्थी महिला की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए.

मातृत्व लाभ का फायदा केवल पहले दो प्रसवों तक ही सीमित रहेगा.

फिक्स्ड डिपॉजिट का लाभ पहली बेटी को मिलेगा. दूसरी बेटी को यह लाभ तभी मिलेगा जब पहली संतान भी बेटी ही हो. इसके अलावा, बेटी का जन्म प्रमाण पत्र होना और 18 वर्ष तक उसकी शादी न होना जरूरी है. यदि परिवार इस तरह की किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ पहले से ले रहा है तो वह इस योजना के योग्य नहीं होगा.

आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज

पंजीकृत निर्माण श्रमिक के पहचान पत्र (लेबर कार्ड) की सत्यापित फोटोकॉपी.

बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र (चाहे लड़का हो या लड़की).

अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रसव प्रमाण पत्र (संस्थागत डिलीवरी के मामले में).

गर्भपात या नसबंदी के मामले में डॉक्टर द्वारा जारी सर्टिफिकेट.

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जारी किया गया बच्चे के पंजीकरण का प्रमाण पत्र.

बच्चे के जीवित होने का प्रमाण पत्र (दूसरे वर्ष का लाभ लेने के लिए).

यदि बच्ची को गोद लिया गया है तो उसके कानूनी दस्तावेज.

ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन कैसे करें

आप अपनी सुविधा के अनुसार इस योजना के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरीकों से अप्लाई कर सकते हैं.

## श्रीकृष्ण पर विवादित बयान देने के मामले में मौलाना जरजिस पर दर्ज हुई एफआईआर

### महंत रविंद्र पुरी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं से की ये अपील

( यंग भारत न्यूज )

**इटावा।** प्रदेश के इटावा में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दिए गए मौलाना जरजिस के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। दरअसल उनपर आरोप है कि 23 जून को उन्होंने अपने संबोधन में भगवान श्रीकृष्ण को मुसलमान बताते हुए उन्हें पांच वक्त का नमाजी कहा था।

वहीं कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस बयान पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आने लगीं है। वहीं विरोध बढ़ने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और अब लखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसके बाद जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वीडियो वायरल होने के बाद कई हिंदू संगठनों और संतों ने बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। दरअसल हिंदू संगठनों का कहना था कि इस तरह की टिप्पणियां धार्मिक भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं और समाज में विवाद पैदा कर सकती हैं।दरअसल श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर स्वामी शांडिल्य महाराज ने बयान की आलोचना करते हुए कहा कि किसी भी धर्म के पूजनीय व्यक्तित्व पर इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है।



वहीं, जुना अखाड़े से जुड़े स्वामी शैलेशानंद महाराज ने कहा कि इस तरह के बयान केवल विवाद पैदा करते हैं और समाज में तनाव बढ़ाते हैं। हरिद्वार में महंत रविंद्र पुरी ने भी बयान पर दुख जताते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं से अपील की कि वे ऐसे मामलों में जिम्मेदारी से आगे आएं और समाज में सौहार्द बनाए रखने का संदेश दें। वहीं हजरतगंज थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अब पूरे प्रकरण की जांच करेगी। जांच के दौरान वायरल वीडियो की सत्यता, बयान का पूरा संदर्भ और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जाएगी। इसके आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी।

## सुर्खियां

### मनोज कुमार बने कोंच तहसीलदार

**कोंच** शासन से स्थानांतरित होकर जनपद जालौन में आए मनोज कुमार को जिलाधिकारी ने तहसीलदार कोंच की जिम्मेवारी सौपी उन्होने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया ।तहसीलदार कोंच के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मनोज कुमार ने स्टॉफ के लोगों से परिचय प्राप्त कर कार्यालय का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चालक हिरासत में

जालौन 17 जुलाई वार्ता उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में आटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना आटा तिराहे के पास हुई, जहां सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

### उरई पहुंचे शिवसेना प्रदेश महासचिव गणेश दत्त गिरि, संगठन विस्तार पर बनाई रणनीति

**उरई।** शिवसेना (एनडीए) के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव एवं बुंदेलखंड सह-प्रभारी गणेश दत्त गिरि का शुक्रवार को उरई स्थित जिला कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद आयोजित वार्ता में संगठन विस्तार, जनहित के मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य ने की। प्रदेश महासचिव गणेश दत्त गिरि ने कहा कि शिवसेना राष्ट्रहित, जनहित और हिंदुत्व की विचारधारा को लेकर निरंतर कार्य कर रही है।

## सोनम-सिया से भी खतरनाक बिहार की ये अफसर! 4 लाख की सुपारी, ट्रेन में पति का मर्डर, 34 दिन बाद खुली साजिश

( यंग भारत न्यूज )

देश में पिछले कुछ समय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं। जिनमें पुलिस ने आरोप लगाया है,कि कथित प्रेम संबंध के चलते पतियों की हत्या की साजिश रची गई। अब बिहार के कटिहार से भी एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला का उजागर हुआ है।

यहां रेल पुलिस का दावा है,कि एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या की साजिश रची और चार लाख रुपये की सुपारी देकर चलती ट्रेन में गोली मरवा दी। इस पूरे मामले का खुलासा अब कटिहार रेल पुलिस ने किया है। क्या प्यार इतना अंधा हो सकता है,कि सात फेरों का रिश्ता भी उसके सामने बेमानी हो जाए क्या एक पत्नी अपने ही पति की मौत की साजिश



रच सकती है कटिहार रेल पुलिस में इस कहानी का उजागर किया है। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह कोई अचानक हुई वारदात नहीं, बल्कि एक बेहद सोची-समझी और खौफनाक साजिश थी। समिता कुमारी सुपौल में एमवीआई है, जबकि उसका प्रेमी अजीत कुमार नालंदा में बिजली विभाग में ग्रेड-वन टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। दोनों के अवैध संबंधों के बीच समिता का पति देव कुमार गुंजन सबसे बड़ी बाधा बन रहा था। इस रास्ते के कांटे को हटाने के लिए महिला अफसर और उसके प्रेमी ने मिलकर 4 लाख रुपये की भारी-भरकम सुपारी दी। 11 जून को जब देव कुमार जनसाधारण एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे, तभी बदलाघाट (मानसी रेल थाना क्षेत्र) के पास भाड़े के शूटर राजू कुमार ने देव कुमार को चलती ट्रेन में गोली मार दी। वारदात को इस तरह अंजाम दिया गया ताकि पुलिस और दुनिया को लगे कि यह ट्रेन में हुई किसी लूटपाट के दौरान की गई हत्या है।वारदात के तुरंत बाद शातिर पत्नी समिता कुमारी ने खुद को बेकसूर दिखाने के लिए पुलिस के सामने रोने-बिलखने का नाटक किया। उसने पुलिस को बयान दिया कि ट्रेन में कुछ लुटेरे घुस आए थे और लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पति को गोली मार दी। शुरुआत में मामला डकैती का लगा, लेकिन रेल पुलिस को कहानी में कुछ झोल नजर आया। जब पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला और समिता के मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाली, तो परत-दर-परत झूठ के सारे पन्ने खुलते चले गए। मोबाइल की लोकेशन और घटना के वक्त शूटर व प्रेमी की संदिग्ध बातचीत ने पूरी साजिश का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस की सख्ती के आगे घुटने टेकते हुए प्रेमी अजीत कुमार ने अपना जुर्म कबूल कर लिया कि उसी ने समिता के साथ मिलकर इस हत्या की ताने-बाने बुने थे। वहीं, गिरफ्तार किया गया शूटर राजू कुमार कोई नौसिखिया नहीं है। वह पहले भी जहानाबाद के घोसी थाने में एक मर्डर केस में जेल जा चुका था और हाल ही में जमानत पर बाहर आकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

## खुशखबरी : योगी सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार ने खेती को आधुनिक और आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अब किसान खेती के महंगे उपकरणों को भारी सब्सिडी (अनुदान) पर खरीद सकेंगे।

कृषि विभाग ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इससे न केवल खेती की लागत कम होगी, बल्कि उत्पादन में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। कृषि विभाग के ताजा आदेश के अनुसार, किसान भाई अब कृषि यंत्रों पर मिलने वाली छूट के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। यह प्रक्रिया 16 जुलाई 2026 से शुरू होकर 10 अगस्त 2026 तक चलेगी। सबसे अच्छी बात यह है



कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है, जिससे किसानों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने की मजबूरी से छुटकारा मिल जाएगा। विभाग ने साफ किया है कि आवेदन की पूरी प्रक्रिया उनके आधिकारिक पोर्टल पर होगी। किसानों को सबसे पहले पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। इसके बाद 'किसान कॉर्नर' में जाकर 'कृषि यंत्र बुकिंग' के विकल्प पर क्लिक करना होगा। आवेदन विकासखंडवार (ब्लॉक स्तर पर) स्वीकार किए जाएंगे और बाकी की औपचारिकताएं सरकारी नियमों के तहत पूरी की जाएंगी। सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत सब्सिडी देने का फैसला किया है। इसमें कृषि मशीनीकरण, फसल अवशेष प्रबंधन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, दलहन मिशन और फसल विविधीकरण जैसी योजनाएं मुख्य हैं। इन योजनाओं के तहत किसान बेड प्लांटर, मक्का शेलर, मिलेट थ्रेशर, स्प्रेयर, दाल मिल और अन्य आधुनिक उपकरणों पर आर्थिक मदद पा सकते हैं। साथ ही, स्त्रक्क और शुगरकेन हार्वेस्टर जैसी बड़ी परियोजनाओं के लिए भी ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

याद रखें, ऑनलाइन आवेदन 16 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएंगे और 10 अगस्त 2026 की रात 12 बजे तक आप आवेदन कर पाएंगे। अगर आवेदन करने में कोई तकनीकी दिक्कत आती है, तो बिना देरी किए अपने जिले के 'उप कृषि निदेशक' कार्यालय में संपर्क करें। वहां के अधिकारी आपकी हर संभव सहायता करेंगे।

## भारत में पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू : हरियाणा में जींद से सोनीपत तक 89 कि0मी0 का रूट; पीएम बोले- यह दुनिया में सबसे लंबी और ताकतवर

( यंग भारत न्यूज )

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के लिए रवाना हुई। इसके साथ ही भारत हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुरू करने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया। इससे पहले जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही हैं।



पीएम मोदी ने कहा- 'जींद-सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। इस ट्रेन को भारत के इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और भारत की ही कंपनी ने बनाया है।' 10 कोच वाली यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर 14 स्टेशनों के बीच अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसका किराया 5 से 25 रुपए के बीच रखा गया है। ट्रेन 89 किलोमीटर का सफर करीब 2 घंटे में पूरा करेगी। पहले दिन यह ट्रेन सुबह 11:22 पर जींद से चली और ठीक दो घंटे बाद दोपहर 1:22 बजे सोनीपत पहुंच गई। स्वच्छता को अपना संस्कार बनाएं- पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर सफाई अभियान देख रहा था। यदि जींद के लोग संकल्प ले लें, तो स्वच्छता को अपना स्वभाव और संस्कार बनाकर हर दिन की जिंदगी का हिस्सा बना सकते हैं। रेल नेटवर्क का 99% इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ- 1925 से 2014 तक करीब 90 साल में देश के रेल नेटवर्क का केवल 30% बिजलीकरण हुआ था। पिछले 12 सालों में करीब 99% रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। यदि होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसी स्थिति 2014 से पहले बनती तो डीजल आपूर्ति प्रभावित होने से रेलवे भी संकट में आ सकता था। अब हालात बदल चुके हैं। भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा- भारत न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ स्पोर्ट्स इंडस्ट्री और खिलाड़ियों के ट्रेनिंग के क्षेत्र में मिलकर काम करेगा। भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा और 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए भी प्रयास कर रहा है। सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देगी। जींद से कई यादें जुड़ीं- यहां कई पुराने चेहरे दिख रहे हैं। मैं पहले संगठन के काम से जींद आता था।

# सभासद धरना-बीती देर रात धरना स्थल पर पहुंचे सफाई कर्मी,सूचना पर पहुंची पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर पालिका परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर गुरुवार सुबह 11 बजे से शुरू हुआ सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना देर रात तक जारी रहा। सभासदों ने नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सड़क निर्माण कार्यों में कथित धांधली, लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों तथा नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न कराए जाने का आरोप लगाया लगाते हुए धरना शुरू किया था।धरना पर बैठे सभासदो का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें धरने का रास्ता अपनाना पड़ा।

धरने की सूचना पर देर रात दर्जनों सफाईकर्मी नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। सफाईकर्मियों ने बताया कि उन्हें अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर मौके पर भेजा गया था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी एहतियात के तौर पर नगर पालिका कार्यालय पहुंची और स्थिति पर नजर बनाए रखी। हालांकि कुछ देर बाद सफाईकर्मी वापस लौट गए, जबकि सभासद धरने पर डटे रहे।धरने पर बैठे सभासदों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों का संतोषजनक समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।उन्होने कहा ईओ ने सफाई कर्मियो को रात में नगर पालिका में किस मंशा से भेजा यह तो नही पता लेकिन उनकी तानाशाही नही चलने दी जाएगी। धरने में सभासद रघुवीर कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, अमित यादव, विनोद सोनी, प्रतिनिधि अशोक गुर्जर, गौरव तिवारी, शकील अंसारी, सरताजुद्दीन और लकी दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।





# मनोज कुमार बने कोंच तहसीलदार

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** शासन से स्थानांतरित होकर जनपद जालौन में आए मनोज कुमार को जिलाधिकारी ने तहसीलदार कोंच की जिम्मेवारी सौपी उन्होने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया।तहसीलदार कोंच के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मनोज कुमार ने स्टॉफ के लोगों से परिचय प्राप्त कर कार्यालय का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराया जाएगा। राजस्व से जुड़े मामलों में पीड़ित को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।उन्होने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।जनपद औरैया के मूल निवासी नवागंतुक तहसीलदार मनोज कुमार जिला शामली से स्थानांतरित होकर यहां आए हैं। इससे पहले वह जिला झांसी, हमीरपुर, कानपुर देहात आदि में आपनी सेवाए दे चुके हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चालक हिरासत में

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** 17 जुलाई वार्ता उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में आटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे झांसी–कानपुर नेशनल हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना आटा तिराहे के पास हुई, जहां सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। आटा थाना प्रभारी अभिलाख मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम आटा निवासी विपिन पुत्र विनोद अहिरवार (25 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि विपिन किसी कार्य से सड़क पार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची आटा थाना पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज उरई भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

## उरई पहुंचे शिवसेना प्रदेश महासचिव गणेश दत्त गिरि, संगठन विस्तार पर बनाई रणनीति

### प्रेसवार्ता में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का किया ऐलान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** शिवसेना (एनडीए) के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव एवं बुंदेलखंड सह–प्रभारी गणेश दत्त गिरि का शुक्रवार को उरई स्थित जिला कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद आयोजित वार्ता में संगठन विस्तार, जनहित के मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य ने की। प्रदेश महासचिव गणेश दत्त गिरि ने कहा कि शिवसेना राष्ट्रहित, जनहित और हिंदुत्व की विचारधारा को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। संगठन को उत्तर प्रदेश में बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मानजनक जिम्मेदारी दी जाएगी। कहा कि बुंदेलखंड में संगठन विस्तार के साथ जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। झांसी मंडल प्रभारी सत्यम सक्सेना ने कहा कि शिवसेना केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा के लिए समर्पित है। बालासाहेब ठाकरे के विचारों को गांव–गांव तक पहुंचाने और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा और जिलेभर में जनसंपर्क अभियान को गति दी जाएगी। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य ने कहा कि जालौन में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ संगठन की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान गौरव श्रीवास्तव, मनवेंद्र सिंह, शिव कुमार पाल, वीडीसी मेहर, जीवन, हरिसिंह राजपूत, धीरेंद्र तिवारी, मनोज राजपूत, प्रशांत वर्मा, संदीप चौहान, पवन त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता मंच), राहुल याज्ञिक, संदीप कुमार, मंगल सिंह, बबलू सिंह, वीर सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने पूरे गर्मजोशी से किया क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत

### -प्रथम जनपद आगमन पर सैकड़ो कार्यकर्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए पिंडारी पहुंचे





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के जनपद में प्रथम आगमन पर विधायक मूलचंद्र निरंजन के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पिंडारी मोड़ पर पहुंच कर क्षेत्रीय अध्यक्ष का जोशीला स्वागत किया।क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का कोंच–पिंडारी मोड़ पर विधायक मूलचंद्र निरंजन के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारों के बीच माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक मूलचंद्र ने गदा और स्मृति चिन्ह भेंट कर क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एकजुट होकर सरकार और संगठन की लाभकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार कर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाएं।उन्होने कहा कि संगठन में नेतृत्व द्वारा जो भी जिम्मेवारी मूलचंद्र को दी गई है, उन्होंने हमेशा पूरी लगन और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभाई है। विधायक मूलचंद्र ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से भाजपा को पुन: विजय हासिल होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, संजीव उपाध्याय, कोंच नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, ग्रामीण अध्यक्ष सोनू पटेल बोहरा, विधायक पुत्र आशु निरंजन, महेश पतराही, शीलू निरंजन पड़री, धर्मेंद्र राठौर, महेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे।

# फेक नाम से आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर फोटो डालते थे दबंग, मना करने पर पिता पुत्र को जमकर पीटा





### -पुलिस ने पीड़ितों की ओर से दबंगों के विरुद्ध दर्ज की एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** दूसरे के नाम से आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर फोटो डालने से मना किया तो उक्त लोग झगड़ा पर आमादा हो गए और मारपीट करने लगे पिट रहे पुत्र को बचाने के लिए पिता आया तो उसकी भी जमकर धुनाई कर दी।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मालवीय नगर निवासी हरदास कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय बिहारी कुशवाहा की नातिन उम्र करीब 17 वर्ष जो बचपन से हरदास के साथ रह रही है जिसकी फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर फैजान पुत्र गफ्फार निवासी मुहल्ला मालवीय नगर फोटो डाल रहा था जिसे हरदास के पुत्र रोहित ने ऐसा करने से मना किया तो फैजान ने रोहित की साथियों सहित मिलकर लाठी डंडों से बुरी तरह मारापीटा जब हरिदास उसे बचाने के लिए गया तो उसके साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की उक्त के संबंध में हरदास ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिस पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए धारा 115(2)/352/353 बीएनएस में मुकद्दमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

# क्षत्रियों में आपसी टकराव बिखराव से दूसरों ने उठाया फायदा

### यूसीजी कानून वापस ले सरकार' - अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने लखनऊ प्रवास पर कल पुन: कहा कि – राजपूत इस देश का इतिहास है। राजपूत इस देश की जीवन रेखा है। राजपूत इस देश की रक्त वाहिनियां है। राजपूत कमजोर होगा तो देश कमजोर होगा। इतिहास इसका साक्षी है और वर्तमान इसका गवाह है।

आज हमारे समाज के बिखराव का फायदा दूसरे उठा रहे हैं। इसलिए 'मिशन क्षत्रिय एकता' हमारा संकल्प है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें राजपूत/ठाकुर के घर जन्म मिला। जन्म से लेकर मृत्यु तक हमें 'कुंवर साहब', 'बन्ना सा', 'ठाकुर साहब' जैसा सम्मान मिलता है। समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, अब हमें समाज को क्या देना है – ये सोचने का समय है।जब तलवार का जमाना था, हमारे पूर्वज तलवार के धनी थे। आज कलम का जमाना है, तो उनके वंशज कलम के धनी क्यों नहीं बन सकते जरूरत है सही प्रेरणा और उचित मार्गदर्शन की। आप हनुमान के समान हैं। अपनी शक्ति पहचानो। आप में चंद्रगुप्त छिपा है। जिस क्षेत्र में उतरो, स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करो। उठो, जागो और सर्वश्रेष्ठ बनो।

# जल संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा मुरली मनोहर तालाब परिसर में 'कैच द रेन' जन–जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए वर्षा जल संचयन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुरलीमनोहर तालाब पर आयोजित 'कैच द रेन' जन–जागरूकता अभियान में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि तेजी से गिरता भूजल स्तर और बढ़ती जल संकट की समस्या भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। यदि आज से ही वर्षा जल के संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर, प्रतिष्ठान और संस्थानों में वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, ताकि बारिश का पानी व्यर्थ बहने के बजाय भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग हो सके। इसमें आमजन की भागीदारी भी सबसे महत्वपूर्ण है। ईओ सुशील दोहरे ने कहा कि 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य वर्षा जल की एक–एक बूंद का संरक्षण करना है। नगर पालिका परिषद इस अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल की बचत और वर्षा जल संचयन की आदत अपनाकर ही भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुरक्षित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने जल की बर्बादी रोकने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधान लिपिक रविंद्र सलूजा, आरआई अनूप कुमार, विवेक कंचन, नरेश बाबू सोनी, ललित शुक्ला, शुभम अग्रवाल, नरसिंह यादव, योगेंद्र राठौर, वाचस्पति मिश्रा आदि रहे।

## लड़की ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल प्रेमी साथ विवाह का किया दावा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 17 जुलाई।** ग्राम तथा नगर से जुड़े एक प्रकरण में लड़की का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ लड़की ने स्वयं दावा किया कि मुझे कोई अवैध तरीके से भागकर नहीं ले गया है मैं अपने मन से गई हुई थी वहीं प्रेमी मिलने पर जीवन भर साथ रहने के लिए प्रेमी तथा प्रेमिका ने प्रतिज्ञा की है बताते चलें कि ग्राम बैरी हाल निवासी आलमपुर कालपी के पिता ने लड़की के भागने की घटना को लेकर कोतवाली कालपी में आरोपी युवक ओम चौहान निवासी जनपद कानपुर देहात ग्राम उतना को बनाकर जुर्म धारा 87 के तहत मुकदमा कायम कराया गया था जिसकी विवेचना कोतवाली कालपी उप निरीक्षक के द्वारा की जा रही है वहीं शुक्रवार के दिन प्रेमिका प्रेमी दोनों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल की घटना को अंजाम देकर एक दूसरे के साथ रहने का फरमान जारी किया प्रेमिका ने अपनी उम्र भी 21 वर्ष बताते हुए ऐलान किया घटना पर दर्ज मुकदमे में उपनिरीक्षक अपहरण की गई लड़की को बरामद करने में तथा आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार करने में जुटी हुई है पुलिस का कहना है कि तलाश जारी है दोनों लोग मिल जाएंगे दोनों को अदालत के समक्ष मौजूद मजिस्ट्रेट सामने बयांन करा कर दिशा निर्देश पर कार्यवाही अगली की जाएगी

# ईओ के खिलाफ जमकर की सभासदों ने नारे बाजी

### दूसरे दिन धरना पर डटे रहे सभासद, घटिया काम करवा कर धन बटोरने वाली कर्कशा ईओ के विरुद्ध बढ़ता जा रहा है विरोधियों का काफिला

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर पालिका परिषद गेट पर सभासदों का दूसरे दिन शुक्रवार को भी अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है और अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के खिलाफ सभासद कार्रवाई की मांग पर डटे रहे।धरना पर बैठे सभासदो ने ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।सभासदों ने बताया कि नगर में प्रकाश व्यवस्था जल भराव और जनता से जुड़ी तमाम समस्याएं है, वहीं उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे पास कोई भी अधिकारी हमारी बात सुनते नहीं आया है। वही सभासदों का कहना है कि जब तक अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है या कोई उच्च अधिकारी हमारे पास मौके पर आकर हमें आश्वासन नहीं देता है तव तक यह धरना जारी रहेगा।हर किसी पर नोटिस देकर दबाव बनाने बाली ईओ ने एक बार फिर धरने पर बैठे सभासद महेंद्र कुशवाहा पर दवाब बनाने के मकसद से नोटिस दिया।तथा तत्काल नोटिस का जवाब देने को कहा लेकिन सभासद ने नोटिस न लेने की बात की।बताया गया कि धरने पर बैठे सभासद उस भूमि पर सड़क बनबाने का दबाव बना रहे है जिस जगह पर कोर्ट का स्थगन आदेश है।नोटिस में कहा गया कि न तो धरना देने की सूचना दी गयी।और इतना ही नही धरना देकर सभासद अनुचित कार्य के लिए दबाव बना रहे है।नोटिस देने की आदी ईओ नगर मे कई लोगो को दबाव में लेने के लिए नोटिस थमा चुकी है।धरने पर बैठे सभासदो ने कहा जव तक हमारी मांगे नही सुनी जाएगी तथा ईओ पर कार्यवाही नही होगा धरना जारी रहेगा।उन्होने धरना पर सहयोग के लिए आ रहे लोगो की प्रशंसा कर कहा कि हम सभासदो के साथ पूरा नगर खड़ा है।अगर जरूरत पडी तो जन सहयोग से आन्दोलन को और उग्र किया जाएगा।इस मौके पर महेंद्र कुशवाहा, रघुवीर कुशवाहा,प्रतिनिधि गौरव तिवारी, सभासद अमित यादव,मनोज गुप्ता, विनोद सोनी, शकील अंसारी, लकी दुबे, मनोज इकडया,अशोक गुर्जर सहित सभासद,प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई और मजबूत अभियोजन पर जोर

## बैठक से अनुपस्थित ड्रग इंस्पेक्टर व खनन अधिकारी का वेतन रोका, स्पष्टीकरण तलब

### - टास्क फोर्स को निरंतर सक्रिय रहने तथा ओवरलोड, एनआर वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की संयुक्त समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, प्रभावी अभियोजन, अवैध गतिविधियों पर अंकुश तथा विभागीय समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ करें। गंभीर आपराधिक मामलों की विवेचना गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए तथा अभियोजन विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर दोषियों को शीघ्र दंड दिलाना सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने महिला अपराध, साइबर अपराध, गैंगस्टर, पॉक्सो तथा अन्य गंभीर मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों की विवेचना निर्धारित समयसीमा में पूरी कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। गवाहों की समय पर उपस्थिति, साक्ष्यों के सुदृढ़ प्रस्तुतीकरण तथा अभियोजन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष बल दिया गया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बैठक से ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान एवं जिला खनन अधिकारी सन्नी कौशल के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों अधिकारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण बैठकों में बिना अनुमति अनुपस्थिति किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टास्क फोर्स समिति निरंतर भ्रमणशील रहे तथा परिवहन, पुलिस एवं खनन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ओवरलोड व एनआर वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाएं। सड़क सुरक्षा, राजस्व संरक्षण एवं अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए नियमित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अभियोजन विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में किसानों के लिए खाद की नहीं है कमी, डीएपी-यूरिया की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करें - जिलाधिकारी

### -सहकारी समितियों पर पर्याप्त भंडारण, निर्धारित मूल्य पर उर्वरक वितरण और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी के निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, एआर कोऑपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी तथा पीसीएफ के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने उर्वरक वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, सुचारु एवं किसान हितैषी बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की सभी सहकारी समितियों पर डीएपी एवं यूरिया खाद का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी समिति पर उर्वरक की कमी की स्थिति उत्पन्न न होने पाए तथा पर्याप्त भंडारण बनाए रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति सचिव किसानों को उनकी जोत एवं वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप ही उर्वरक उपलब्ध कराएं, ताकि प्रत्येक पात्र किसान को समय पर खाद मिल सके। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं रिटेल दुकानों की नियमित जांच की जाए। सभी दुकानों पर उर्वरकों की मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराई जाए तथा किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली, कृत्रिम अभाव पैदा करने या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की निरंतर निगरानी की जाए तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्हें समय पर खाद उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप

## पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कालपी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम हिम्मतपुर निवासी गोविंद, जसवंत व अभिलाष पुत्रगण धर्मदास ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपनी पैतृक भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कब्जा हटवाने तथा आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम हिम्मतपुर स्थित गाटा संख्या 779 एवं 800 की भूमि पर उनके पारिवारिक रिश्तेदार देवेंद्र, बुद्ध सिंह, महावीर एवं वीर सिंह पुत्र स्व. रामसेवक ने कथित रूप से जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़ितों का आरोप है कि जब भी वे अपनी भूमि पर खेती करने जाते हैं, तो आरोपित उनके साथ मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि इस संबंध में थाना सिरसाकलार में शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर समझौते का दबाव भी बनाया जा रहा है। साथ ही बताया कि भूमि विवाद का मामला आयुक्त न्यायालय, झांसी मंडल में अपील संख्या 1093/2026 के रूप में विचाराधीन है, इसके बावजूद विपक्षी पक्ष कथित रूप से भूमि पर कब्जा बनाए हुए है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उनकी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए, उन्हें विधिक रूप से कब्जा दिलाया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। नोट: यह समाचार शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। संबंधित पक्ष का पक्ष या प्रशासनिक प्रतिक्रिया प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन आमंत्रित, 29 व 30 जुलाई को होगा सामूहिक विवाह समारोह

## गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए सरकार दे रही 01 लाख की सहायता, आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार होंगे

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 29 एवं 30 जुलाई 2026 को विभिन्न विकास खंडों एवं नगरीय निकायों में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। शासन के निर्देशों के क्रम में पात्र लाभार्थियों से योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की विवाह योग्य पुत्रियों के लिए संचालित है। योजना का लाभ ऐसे परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 03 लाख से कम हो। योजना के तहत वधू की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभिभावक ष्द्वह्य14.ह्वश्चह्यस्रष्.द्दश्1.द्वठ्ठ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर कुल 1,00,000 की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 64,000 की धनराशि सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है, 21,000 विवाह संस्कार हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने तथा 15,000 समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के पात्र परिवारों से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं और निर्धारित तिथियों पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सहभागिता सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत विशेष गोवंश सुपुर्दगी अभियान को मिशन मोड में संचालित करें - जिलाधिकारी

### - 20 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान, पात्र किसानों व पशुपालकों तक पहुंचे योजना का लाभ, पारदर्शिता और नियमित सत्यापन के दिए निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले विशेष गोवंश सुपुर्दगी अभियान को पूरी गंभीरता एवं मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 20 से 3 अगस्त 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान अधिक से अधिक पात्र किसानों एवं पशुपालकों को योजना से जोड़ते हुए निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार जनसंपर्क माध्यमों तथा स्थानीय स्तर पर किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना की समुचित जानकारी मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंश सुपुर्दगी की समस्त प्रक्रिया शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुपुर्द किए गए गोवंशों का नियमित सत्यापन एवं अनुश्रवण किया जाए तथा उनके स्वास्थ्य, संरक्षण और समुचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। अभियान की प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट समयबद्ध रूप से शासन को उपलब्ध कराई जाए तथा सुपुर्दगी के उपरांत लाभार्थियों का विवरण तत्काल पोर्टल पर दर्ज किया जाए, जिससे उन्हें समय से भरण-पोषण की धनराशि प्राप्त हो सके।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के चयन में महिलाओं एवं कुपोषित परिवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की योजना का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता से कार्य करें, ताकि अभियान के निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध ढंग से प्राप्त किए जा सकें।

# भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का राठौर समाज ने किया भव्य स्वागत, तुलादान कर किया सम्मान

## एस.आर. इंटर कॉलेज के रोड़ पर हुआ सम्मान समारोह, युवा नेता एवं भाजपा जिला संयोजक गौरव राठौर की रही प्रमुख भूमिका



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के जनपद आगमन पर कोंच रोड स्थित एस.आर. इंटर कॉलेज, उरई में राठौर समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से पारंपरिक तुलादान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राठौर समाज के युवा नेता एवं भाजपा जिला संयोजक गौरव राठौर (रूपापुर) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं एस.आर. इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं भाजपा शिक्षक नेता अशोक राठौर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सराहनीय योगदान दिया। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने राठौर समाज के स्नेह और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास और संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश राठौर, हरिओम राठौर, लोकेंद्र राठौर, चंद्रभान राठौर, जितेंद्र राठौर, उमाशंकर राठौर, संजीव राठौर, मोहन राठौर, दिलीप राठौर, सुरेश राठौर, कल्याण राठौर, नंदकिशोर राठौर, प्रदीप राठौर, पुष्पेंद्र राठौर, अरविंद राठौर सहित राठौर समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम पूरे उत्साह, गरिमा और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# मतदेय स्थलों के पुनर्गठन पर जिला निर्वाचन अधिकारी की सर्वदलीय बैठक, 9 आपत्तियां स्वीकृत, 5 नए मतदेय स्थल बनाए जाएंगे

## निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं मतदाता हितैषी बनाने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन एवं पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 45-जालौन (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन से संबंधित प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 1200 मतदाताओं के मानक, भवन की जर्जर स्थिति, दो किलोमीटर से अधिक दूरी तथा 300 से कम मतदाताओं जैसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मतदेय स्थलों का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि दावे एवं आपत्तियों की अवधि में कुल 53 प्रत्यावेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 9 प्रत्यावेदन स्वीकृत किए गए हैं। वहीं कुछ मामलों में प्राप्त आपत्तियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को पुन: स्थलीय जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक निर्णय पूरी निष्पक्षता एवं तथ्यों के आधार पर लिया जा सके। बैठक में बताया गया कि जनपद में 55 मतदेय स्थलों का समायोजन किया गया है तथा 5 नए मतदेय स्थलों का सृजन किया गया है। पुनर्गठन के बाद जनपद में अब 1024 मतदान केन्द्र एवं 1574 मतदेय स्थल होंगे। इसके अतिरिक्त 61 मतदेय स्थलों के भवन जर्जर, ध्वस्त अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से परिवर्तित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि मतदेय स्थलों के संबंध में किए गए निस्तारण का अवलोकन कर लें तथा यदि कोई सुझाव अथवा तथ्यात्मक आपत्ति हो तो उसे तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मतदाता अनुकूल बनाया जा सके। बैठक में विनोद कुमार नगरिया (जिला सचिव, सीपीआईएम), रोहित राठौर (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अपना दल (सोनेलाल)), जमालुद्दीन (जिला महासचिव, समाजवादी पार्टी), राजीव शर्मा (प्रतिनिधि, समाजवादी पार्टी), विनय चौरसिया (जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी), भगवती शरण पांचाल (जिला सचिव, बहुजन समाज पार्टी), शांति स्वरूप महेश्वरी (निर्वाचन प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी), कमल दोहरे (उपाध्यक्ष, कांग्रेस), रविन्द्र प्रताप सिंह (सदर विधायक प्रतिनिधि) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

## पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन के ग्राम दौलतपुर, कालपी निवासी एक व्यक्ति ने जमीन के सौदे में लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम दौलतपुर निवासी भूरैयालाल पुत्र मन्नोले ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2022 में गांव के ही उदयवीर पुत्र प्रेमू पर विश्वास कर उसने आराजी संख्या 3 व 143 की भूमि खरीदने का अनुबंध किया था। बाद में उक्त अनुबंध निरस्त कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद आरोपित ने वर्ष 2023 में वही भूमि अन्य लोगों के नाम बैनामा कर दी। पीड़ित का कहना है कि बाद में आरोपित ने फिर से विश्वास में लेकर गाटा संख्या 3 की 0.673 हेक्टेयर भूमि का 29 अप्रैल 2024 को 3.50 लाख रुपये में बैनामा कर दिया। इसके एवज में उसने बैंक ऑफ बड़ौदा, उरई शाखा के माध्यम से चेकों द्वारा कुल 3.40 लाख रुपये का भुगतान किया। पीड़ित का आरोप है कि भूमि पहले से ही विवादित और बेची जा चुकी थी, जिससे उसके साथ धोखाधड़ी और विश्वासघात हुआ। उसने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराने तथा उसे न्याय दिलाने की मांग की है ।नोट: यह समाचार शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। मामले में संबंधित पक्ष का पक्ष एवं प्रशासनिक जांच/निर्णय आना शेष है।

# जालौन नगर पालिका का निर्माण कार्य हुआ है बेहद घटिया

## वर्ष 2021-22 में कराये गए कार्यो के उखड़ कर गिर रहे हैं पत्थर और टाइल्स

**-स्वम भू ईमांदार सरकार और चेयरमैन की हो रहीं जमकर फजिहत**

**-जगह-जगह से उखड़कर गिर रहे हैं,ग्रेनाइट पत्थर और टाइल्स**



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । पुरानी गल्ला मंडी स्थित ऐतिहासिक नझाई फाटक का वर्ष 2021-22 में नगर पालिका परिषद द्वारा कराए गए जीर्णोद्धार की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। फाटक पर लगाए गए ग्रेनाइट पत्थर और टाइल्स जगह-जगह से उखड़कर गिर रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई, जिसके कारण कुछ ही वर्षों में निर्माण की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने इसकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है।

नगर में बाजार ज्वालागंज स्थित ऐतिहासिक नझाई फाटक का तत्कालीन पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता के कार्यकाल में 15वें राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार कराया गया था। फाटक को आकर्षक स्वरूप देने के लिए उस पर ग्रेनाइट पत्थर और टाइल्स लगाई गई थीं, ताकि इसकी ऐतिहासिक पहचान के साथ-साथ सौंदर्यीकरण भी हो सके। लेकिन समय बीतने के साथ ही फाटक पर लगी टाइल्स और ग्रेनाइट पत्थर जगह-जगह से उखड़ने लगे हैं। कई स्थानों पर पत्थर गिर चुके हैं। व्यापारी राजेंद्र बिलैया, विक्की गुप्ता, सोबरन वर्मा, नरेश, प्रिंस, विशाल गुप्ता और अमित गुप्ता ने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था ने निर्माण के दौरान मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया। यदि गुणवत्तापूर्ण सामग्री और तकनीकी मानकों का पालन किया गया होता तो कुछ ही वर्षों में इस तरह की स्थिति पैदा नहीं होती। उनका कहना है कि आए दिन पत्थर और टाइल्स गिरने से वहां से गुजरने वाले राहगीरों और दुकानदारों को हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। व्यापारियों ने बताया कि नझाई फाटक के नीचे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग और दोपहिया वाहन आदि गुजरते हैं। ऐसे में यदि ऊपर से कोई पत्थर गिर जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि फाटक का तकनीकी निरीक्षण कराकर ढीले पत्थरों और टाइल्स को तत्काल हटाया जाए और पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। साथ ही आवश्यक मरम्मत कराकर फाटक को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना

## रुपयों के लेन देने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । रुपयों के लेन देने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी एक पक्ष के इंद्रेश, करन सिंह व संजीत एवं दूसरे पक्ष के रंजीत के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष एक दूसरे पर रुपये के लेन देन का आरोप लगा रहें थे। शुक्रवार की सुबह इसी बात को लेर दोनों पक्षों के बीच गांव में विवाद हो गया। विवाद के बाद उनके बीच गाली, गलौज व हाथपाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस चारों को कोतवाली ले आई जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

## बंटवारे को लेकर परिवार के सदस्यों द्वारा गाली, गलौज व मारपीट की गयी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । बंटवारे को लेकर परिवार के सदस्यों द्वारा गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने सीओ को शिकायती पत्र देकर की है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मलथुवा निवासी दिनेश कुमार ने सीओ अजय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह दो भाई हैं। उनके पिता ने दोनों भाइयों के बीच आपसी बंटवारा कर दिया है। लेकिन परिवार के कुछ सदस्य इससे नाराज हैं। आरोप लगाया कि बीती 14 जुलाई को वह पिता से बात कर रहा था तभी परिवार के कुछ सदस्य वहां आ गए और गाली, गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इसकी शिकायत उसने सिरसा कलार थाने में भी की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## एक सप्ताह बाद झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी व उमस से मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई** । शुक्रवार को शाम 4:10 बजे हुई झमाझम बारिश ने एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत दिलाई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया।

मालूम हो कि पिछले एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण तेज, धूप तथा उमस भरी गर्मी से जनजीवन प्रभावित था। दिनभर लोग पसीने और चिपचिपी गर्मी से बेहाल रहे। शुक्रवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया, वहीं वातावरण में ठंडक घुल गई ।बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और बच्चे व युवा बारिश का आनंद लेते नजर आए। कल्लू सिंह काशीखेरा आदि किसानों ने भी इस बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभकारी बताया। मौसम में आए बदलाव से नगरवासियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

## युवक ने कमरे में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या की

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सर्किल के नदीगांव थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक कटरा मुहल्ला निवासी राघवेंद्र उम्र 18 वर्ष पुत्र रघुवंशी रत्नाकर ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।परिजनो ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और घटना की जानकारी कर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया ।परीजनो ने घटना सुबह की होना बताया है ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया तथा उसका पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।घटना स्थल पर पहुंची फॉरनसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां से साक्ष्य एकत्रित किये। फिलहाल आत्महत्या का कारण समझ नहीं आया ।थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना से परिवार वालों का रों रों कर बुरा हाल है।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

**-नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगो को विद्यालय जाने का दिया संदेश**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और सरकारी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भव्य शिक्षा जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरुआत 'शिक्षा है असली धन, इससे रोशन होगा जन-जन', 'आधी रोटी खाएंगे, कालेज जरूर जाएंगे' तथा 'बेटा-बेटी एक समान, शिक्षा से बनेंगे महान' जैसे गगनभेदी नारों के साथ हुई ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय विक्रम सिंह, डॉ. भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. सुधीर कुमार अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व लेफ्टिनेंट डॉ. हरिश्चंद्र तिवारी, सहायक प्रोफेसर डॉ. महेंद्र नाथ मिश्रा और सहायक प्रोफेसर लवकेश कुमार ने किया।

महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुए रैली मुख्य मार्ग होते हुए मारकंडेश्वर तिराहा, चंदकुआं और स्टेट बैंक मार्ग से तहसील परिसर पहुंची। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर और बैनर वितरित कर लोगों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी महाविद्यालयों में कराने की अपील की ।कैडेट्स ने बताया कि सरकारी महाविद्यालयों में अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षक, एनसीसी, एनएसएस, रोवर-रेंजर जैसी गतिविधियां तथा खेलों के लिए प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध रहते हैं, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करते हैं ।तहसील परिसर में कैडेट्स ने शिक्षा जागरूकता पर आधारित एक प्रभावशाली लघु नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। साथ ही युवाओं को सरकारी एडेड कालेजों में प्रवेश लेकर उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया ।रैली से प्रभावित होकर नगर के योगेश सोनी और लेखपाल चंदन सिंह सहित अन्य लोगों ने कैडेट्स की सराहना की तथा उनका स्वल्पाहार कराकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर लेफ्टिनेंट डॉ. हरिश्चंद्र तिवारी ने सभी कैडेट्स, शिक्षकों एवं सहयोगी नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## सरकारी विभागों के जिम्मेदार 6.10 लाख पौधों का रोपण करने में जुटे

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत कालपी वन क्षेत्र में इस वर्ष वन विभाग समेत विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा 6 लाख 10 हजार से अधिक छायादार, फलदार एवं शोभाकार पौधे रोपित किए जाएंगे। अभियान के तहत उसरगांव में आयोजित कार्यक्रम में झांसी के मुख्य वन संरक्षक एच.वी. गिरीश, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

उल्लेखनीय हो कि 1 जुलाई से संचालित अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा 2 लाख 15 हजार 625 पौधे लगाए जा रहे हैं। वहीं अन्य सरकारी विभागों को 3 लाख 95 हजार 170 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

मुख्य वन संरक्षक एच.वी. गिरीश ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि जनभागीदारी के बिना वृक्षारोपण अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकता। डीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभागों द्वारा अभियान को सफल बनाया जा रहा हैं। वन दरोगा वर्षा सिंह, अजीत कुमार, महेंद्र सिंह, मन्ना सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा मुरली मनोहर तालाब परिसर में 'कैच द रेन' जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए वर्षा जल संचयन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मुरलीमनोहर तालाब पर आयोजित 'कैच द रेन' जन-जागरूकता अभियान में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि तेजी से गिरता भूजल स्तर और बढ़ती जल संकट की समस्या भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। यदि आज से ही वर्षा जल के संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर, प्रतिष्ठान और संस्थानों में वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, ताकि बारिश का पानी व्यर्थ बहने के बजाय भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग हो सके। इसमें आमजन की भागीदारी भी सबसे महत्वपूर्ण है। ईओ सुशील दोहरे ने कहा कि 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य वर्षा जल की एक-एक बूंद का संरक्षण करना है। नगर पालिका परिषद इस अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल की बचत और वर्षा जल संचयन की आदत अपनाकर ही भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुरक्षित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने जल की बर्बादी रोकने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधान लिपिक रविंद्र सलूजा, आरआई अनूप कुमार, विवेक कंचन, नरेश बाबू सोनी, ललित शुक्ला, शुभम अग्रवाल, नरसिंह यादव, योगेंद्र राठौर, वाचस्पति मिश्रा आदि रहे।

## एकतरफा प्यार में मजनू चड़ गया रेलवे यमुना ब्रिज पर, घंटों की मान-मनौव्वल के बाद आया उतर कर

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर में शुक्रवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक एकतरफा प्रेम प्रसंग के चलते रेलवे यमुना ब्रिज पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए घंटों तक समझाने का प्रयास करते रहे। घटना के चलते पुल के आसपास लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के जानकारी के अनुसार भट्टीपुरा निवासी सुहैल (22) पुत्र शमशाद एक युवती से एकतरफा प्रेम करता है। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर वह शुक्रवार की शाम रेलवे यमुना ब्रिज पर चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा महमूदपुरा चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक से बातचीत शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अपनी प्रेमिका से मुलाकात कराने की मांग कर रहा था। बताया जा रहा है कि संबंधित युवती आजमगढ़ जनपद की रहने वाली है। युवक काफी देर तक अपनी मांग पर अड़ा रहा, जिसके कारण अधिकारियों को उसे समझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी ।पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने धैर्य और सूझबूझ का परिचय दिया उसे शांत कराने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक अधिकारी युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटे थे। एहतियात के तौर पर रेलवे यमुना ब्रिज के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते कालपी व उसरगांव क्षेत्र में साढ़े तीन घंटे बिजली रहेगी गुल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कालपी पर स्थापित 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के अनुरक्षण (मेंटेनेंस) एवं ध्रुवीकरण (पोलैरिटी) परिवर्तन कार्य के चलते शनिवार को कालपी एवं उसरगांव क्षेत्र में करीब साढ़े तीन घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान नगर के कई मोहल्लों में बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान ने बताया कि 18 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कालपी पर तकनीकी अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इसके चलते कालपी एवं उसरगांव क्षेत्र से जुड़े सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस अवधि में रामगंज, रावगंज, गणेशगंज, कागजीपुरा,मनीगंज, तहसील क्षेत्र, इंडस्ट्रियल एरिया तरीबुलदा सहित आसपास के मोहल्लों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आवश्यक घरेलू एवं व्यावसायिक कार्य पहले ही निपटा लें तथा निर्धारित अवधि के दौरान विभाग का सहयोग करें। अधिकारियों के अनुसार मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों के संग बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।खाद्य** पदार्थों में गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर के टरननगंज बाजार में उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कटियार ने की। उन्होंने व्यापारियों से विभागीय नियमों का पालन करते हुए लाइसेंस बनवाकर कारोबार करने तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामाग्री बेचने का आह्वान किया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष नमन अग्रवाल के टरनंनगंज बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कटियार ने कहा कि प्रत्येक खाद्य कारोबारी के लिए विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। दुकानों में साफ-सफाई बनाए रखें और किसी भी स्थिति में मिलावटी, घटिया गुणवत्ता अथवा एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का विक्रय न करें। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले व्यापारियों को विभाग का पूरा सहयोग मिलेगा, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापारियों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष नमन अग्रवाल,अमित गुप्ता, श्रवण कुमार गुप्ता, कुंदन साहू, उदय किराना, विशाल, दीपु यादव आदि के अलावा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों की मौजूदगी रही

## अब जालौन से किशोरी को भगा ले गया शोहदा, जेवर व नकदी भी ले गया साथ में

**-जिले से लगातार भगाई जा रहीं हैं किशोरियां, पुलिस का मजनूओ पर कोई खौफ नहीं**

**-इज्जत उतार लेने के बाद वापस भेज दी जाती हैं किशोरियां**

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र निवासी किशोरी को एक युवक जेवर व नकदी लेकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बावली निवासी बॉबी ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। युवक ने बेटी को बहला फुसला लिया। आरोप लगाया कि बीती 15 जुलाई को वह ड्यूटी पर गया था। इसी दौरान बॉबी उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। बेटी अपने साथ घर में रखे एक लाख रुपये नकद और मंगलसूत्र, पायल, हाथपेटी ले गई है। पीड़ित पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी है।

# ड्रोन से तलाशे साइबर ठग, झोपड़ियों से चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर, 135 पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर 13 साइबर शातिरों को किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

मोबाइल पर पुलिस सायरन की आवाज, सामने वाले को जेल भेजने की धमकी और फिर गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर ऑनलाइन वसूली. शहर के सचेंडी में साइबर ठगी का ऐसा नेटवर्क चल रहा था, जिसने देशभर के लोगों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपये ऐंठ लिए. लेकिन बुधवार शाम जब 135 पुलिसकर्मियों की टीम सायरन बजाती हुई गांव पहुंची तो फर्जी पुलिस बनने वाले असली पुलिस के सामने टिक नहीं सके. ड्रोन कैमरों से हुई निगरानी के बाद 13 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया गया.

साइबर वज्र अभियान के तहत डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह, एडीसीपी अंजली विश्वकर्मा और क्राइम ब्रांच की टीम ने एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज साइबर अपराधों के हॉट स्पॉट की लोकेशन ट्रेस की. इसके बाद सचेंडी के गज्जापुरवा, नयापुरवा और आसपास के गांवों में एक साथ छापेमारी की गई. गांव को चारों तरफ से घेरने के बाद ड्रोन उड़ाए गए. खेतों और बागों के बीच बनी झोपड़ियों की गतिविधियां देखकर पुलिस भी हैरान रह गई. जांच में सामने आया कि



इन्हीं झोपड़ियों से साइबर ठगी के कॉल सेंटर संचालित किए जा रहे थे. पकड़े गए आरोपी अलग-अलग ग्रुप्स में बैठकर देशभर के लोगों को फोन करते थे. वे खुद को पुलिस, क्राइम ब्रांच या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते थे. कई मामलों में अश्लील वीडियो देखने या आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर गिरफ्तारी की धमकी दी जाती थी. लोगों का भरोसा जीतने के लिए मोबाइल पर पुलिस सायरन की रिकॉर्डेड आवाज भी सुनाई जाती थी. इसके बाद कार्रवाई रोकने और जेल से बचाने के नाम पर बैंक खातों और यूपीआई के जरिए रकम वसूली जाती थी. पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर फर्जी रजिस्ट्रेशन के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठते थे. पुलिस के अनुसार गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ है और अब तक करीब दो करोड़ रुपये की साइबर ठगी किए जाने के साक्ष्य मिले हैं. छापेमारी में 29 मोबाइल फोन, तीन कारें और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए. मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबरों की जांच में देश के विभिन्न राज्यों से दर्ज लगभग 200 साइबर अपराध शिकायतों का लिंक सामने आया है. पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पहले साधारण जीवन जीते थे, लेकिन साइबर ठगी से कमाई गई रकम ने उनकी लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी. पक्के मकान, कारें और महंगे मोबाइल उनकी अवैध कमाई की कहानी बयां कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि 13 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है. 29 मोबाइल फोन, तीन कारें और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए. फरार आरोपियों, बैंक खातों और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है

# गाजियाबाद में 'पुलिसिया खेल' का पर्दाफाश. 100 करोड़ की ठगी पर कमिश्नर का बड़ा एक्शन. कोतवाल समेत पूरी पेशी लाइन हाजिर.

( यंग भारत न्यूज )

जिले में 100 करोड़ रुपये की ठगी कर फरार हुए बिल्डर के मामले में अब पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। 'भारत समाचार' पर खबर प्रसारित होने के बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने मामले में संलिप्त पुलिसकर्मियों की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की



इस पूरे मामले में 'पुलिसिया खेल' उजागर होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने नंदग्राम थाने की पूरी पेशी को लाइन हाजिर कर दिया है। इतना ही नहीं, रात के अंधेरे में नंदग्राम कोतवाल को भी लाइन हाजिर कर दिया गया, जिससे पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई स्पष्ट करती है कि विभाग अब किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कमिश्नर ने पहले से गठित स्ढ्ढञ्ज (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) को पूरी तरह भंग कर दिया है और नए सिरे से टीम का गठन किया गया है। अब यह नई टीम बिल्डर के खिलाफ दर्ज केस की गहनता से जांच करेगी। साथ ही, ठगी का शिकार हुए पीड़ित बायर्स के दोबारा बयान दर्ज किए जा रहे हैं ताकि अपराधियों तक पहुंचने के लिए कोई भी सुराग छूट न जाए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने ठगी का शिकार हुए उन सैकड़ों परिवारों में न्याय की उम्मीद जगा दी है, जो लंबे समय से अपनी जमा-पूंजी वापस मिलने का इंतजार कर रहे थे। 'भारत समाचार' की खबर का असर यह रहा कि अब पुलिस अधिकारी मामले को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें अब विश्वास है कि फरार बिल्डर जल्द ही कानून की गिरफ्त में होगा। गाजियाबाद पुलिस का यह एक्शन अन्य भ्रष्ट या लापरवाह अधिकारियों के लिए एक कड़ा संदेश है।

# डिलीवरी बॉय ने जिस महिला को प्राइवेट पार्ट दिखाया, वो लेडी कॉन्स्टेबल निकली, 400 मीटर दूर थाने तक घसीटकर ले गई,

( यंग भारत न्यूज )

एक बार फिर डिलीवरी बॉय की शर्मनाक करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मामला पश्चिम बंगाल के खड़दहा का है। यहां डिलीवरी बॉय ने बीच सड़क पर महिला को प्राइवेट पार्ट दिखाया। हालांकि डिलीवरी बॉय ने जिस महिला को प्राइवेट पार्ट दिखाया, वो लेडी कॉन्स्टेबल निकली। इसके बाद लड़की आरोपी युवक को 400 मीटर दूर थाने तक घसीटकर ले गई। लेडी कॉन्स्टेबल की हिम्मतभरा यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



खड़दहा के व्यस्त बीटी रोड पर महिला स्कूटी पर बैठी हुई थी। उस समय वह वर्दी में नहीं थी। इसी दौरान वहां एक डिलीवरी बॉय पहुंचा। युवक ने बीच सड़क पर खड़े होकर पैंट की चेन खोलकर महिला को अपना प्राइवेट पार्ट दिखाने लगा। साथ ही अश्लील इशारे भी किए। उसे शायद इस बात का अंदाजा नहीं था कि जिस महिला को वह परेशान कर रहा है, वह लेडी कॉन्स्टेबल है। इसके बाद युवक की हरकत देखकर महिला कॉन्स्टेबल ने स्कूटी से उतरी और आरोपी के पास जाकर उसका कॉलर पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। महिला महिला कांस्टेबल आरोपी डिलीवरी बॉय का कॉलर पकड़कर उसे 400 मीटर दूर थाने तक घसीटकर ले गई। इल दौरान 400 मीटर तक लोग पूरे वाकये को हैरानी से देखते रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह की ताबड़तोड़ बैठक मै डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम पर जोर ....

## मंसिल माता मंदिर दर्शन कर शुरू हुआ द्वितीय दिन का बरुआसागर प्रवास

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक प्रवास अभियान के तहत झांसी महानगर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने बरुआसागर मंडल का एक दिवसीय सघन दौरा किया। इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के जरिए प्रत्येक बूथ पर 25 कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।

प्रवास के दूसरे दिन की शुरुआत जिलाध्यक्ष ने प्रसिद्ध मां मंसिल माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर की। इसके बाद उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए बैठकों और जनसंपर्क का सिलसिला शुरू किया। डिजिटल सशक्तिकरण और रणनीतिक बैठकें जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने प्रवास के दौरान विभिन्न संगठनात्मक स्तरों पर मैराथन बैठकें कीं। इन बैठकों को मुख्य रूप से निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया



गया बूथ स्तरीय संवाद कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से सक्रिय करने के लिए बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ संगठनात्मक चर्चा की गई। साथ ही शक्ति केंद्र के प्रवासियों और संयोजकों की बैठक लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्च , मंडल के पार्षदों, पूर्व पार्षदों और पार्षद प्रत्याशियों के साथ बैठक कर स्थानीय विकास और जनसमस्याओं पर मंथन हुआ ।पदाधिकारियों व मोर्चा अध्यक्षों के साथ विमर्श: मंडल के पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, महामंत्रियों, संयोजकों, सह-संयोजकों और महिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मंडल में निवास करने वाले पूर्व जिला व मंडल पदाधिकारियों, पुरातन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और विचार परिवार के सदस्यों के साथ विशेष बैठक कर उनका मार्गदर्शन लिया गया।

'चाय पर चर्चा' और जनसंपर्क

औपचारिक बैठकों के अलावा जिलाध्यक्ष ने जमीनी जुड़ाव को मजबूत करने के लिए मंडल पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों के निवास पर 'चाय पर चर्चा' की। उन्होंने स्थानीय पार्कों का भ्रमण कर आम नागरिकों और उनके परिजनों से भी सीधा संवाद स्थापित किया। इसके साथ ही क्षेत्र के मठ-मंदिरों में दर्शन कर स्थानीय गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। प्रवास के अंतिम चरण में मंडल प्रभारी, सह-प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई,

जिसमें दिनभर के प्रवास के निष्कर्षों पर चर्चा की गई। इस पूरे प्रवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष अंकित राजा यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक, जिला मंत्री मीनू राजावत, नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला कुशवाहा, संदीप जैन, अमर सिंह कुशवाहा, राजेश राय, राजकुमार यादव, राहुल सिंह, दिनेश नेवल किशोर, दिनेश कुशवाहा, अनुभव चतुर्वेदी, राशि साहू, सत्येंद्र त्रिपाठी, लखन प्रजापति, बालकिशन रजक, श्याम चरण, ललित कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, ब्रजेंद्र कुशवाहा, कमल रायकवार सहित भारी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रात में पार्टी से लौट रही थी युवती, पूर्व प्रेमी पहले से कर रहा था इंतजार, फिर.

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** प्रदेश के मेरठ से हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है. यहां लिसाड़ी गेट इलाके में गुरुवार को कुछ ऐसा हुआ, जिसने सबको हैरान कर दिया. गुरुवार रात को एक लड़की बर्थडे पार्टी में गई थी.

जब वो वहां से वापस आ रही थी, तो वहां पर उसका एक्स बॉयफ्रेंड रास्ते में इंतजार कर रहा था. इस बात से अनजान लड़की चलती जा रही थी. अचानक लड़का उसके सामने आ गया और उसने लड़की पर गोली चला दी.जानकारी के अनुसार, आरोपी कैफ ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड शाहीन को रास्ते में रोककर गोली मार दी. इस



हादसे में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज चल रहा है.कहा जा रहा है कि पुराने संबंध के विवाद में आरोपी ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया और फिर फरार हो गया. इस मामले में जब पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले को जानकारी मिली, तो वे पुलिस टीम के साथ वारदात वाली जगह पर पहुंचे. सड़क पर लड़की खून से लथपथ पड़ी थी. उन्होंने खून से लथपथ लड़की को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस टीम ने बताया कि जब इस वारदात को अंजाम दिया गया, तो शाहीन अपनी सहेली के साथ घर वापस जा रही थी. इसी बीच रास्ते में उसके एक्स बॉयफ्रेंड ने उसे रास्ते में रोक लिया. दोनों के बीच काफी देर तक बहस हुई. इसके बाद आरोपी कैफ ने तमंचा निकाल ली और लड़की पर गोली चला दी. शाहीन के कान के पास गोली लगी और वो तुरंत गिर पड़ी. गोली की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया और आरोपी वहां से भाग गया. मेरठ एसपी सिटी विनायक भोसले ने बताया कि जब उन्हें फायरिंग की सूचना मिली, तो वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने लड़की को गंभीर घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया. साथ ही परिजनों को भी इस बारे में जानकारी दी. शुरुआती जांच में सामने आया है कि शाहीन और कैफ के बीच पहले प्रेम संबंध था. लड़की ने उसे छोड़ दिया था, जिससे नाराज आरोपी ने लड़की को गोली मार दी.

# गर्लफ्रेंड ने काट डाला 29 साल के युवक का प्राइवेट पार्ट, बिलबिलाते हुए भागा अस्पताल; जयपुर के डॉक्टरों ने दोबारा जोड़ दिया

( यंग भारत न्यूज )

एसएमएस अस्पताल में डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक युवक को नई उम्मीद दी है. करीब 40 दिनों तक चले इलाज के बाद डॉक्टरों ने ना सिर्फ युवक के कटे हुए निजी अंग को दोबारा जोड़ दिया, बल्कि उसकी सामान्य कार्यक्षमता भी वापस लाने में सफलता हासिल की है. यह मामला 31 मई का है. जयपुर में रहने वाले एक 29 साल के युवक पर उसकी प्रेमिका ने अचानक ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया था. इस हमले में युवक का प्राइवेट पार्ट पूरी तरह कट गया था. खून से लथपथ युवक दर्द से कराह रहा था, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी. वारदात के करीब 4 घंटे के भीतर ही उसे जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों का कहना है कि यही 4 घंटे उस युवक के लिए 'गोल्डन आवर्स' साबित हुआ. अगर अस्पताल पहुंचने में थोड़ी भी और देरी होती, तो शायद यह चमत्कार मुमकिन नहीं हो पाता.




मरीज की गंभीर हालत को देखते ही एसएमएस अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम तुरंत एक्शन में आ गई. उसी रात डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल और लंबी माइक्रो सर्जरी शुरू की. डॉक्टरों के सामने चुनौती सिर्फ कटे हुए हिस्से को वापस जोड़ने की नहीं थी, बल्कि सबसे बड़ा टास्क यह था कि वह अंग भविष्य में सामान्य रूप से काम कर सके. इस ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने बेहद बारीकी से काम किया. उन्होंने क्षतिग्रस्त यूरिन पाइप (मूत्रमार्ग), स्पॉन्जियोसम और कॉर्पोरा जैसी अत्यंत संवेदनशील और महीन नसों को एक-एक करके जोड़ा गया. यह काम इतना पेचीदा था कि जरा सी भी चूक सब कुछ बर्बाद कर सकती थी. सफल ऑपरेशन के बाद असली परीक्षा शुरू हुई. युवक को करीब 40 दिनों तक डॉक्टरों की स्पेशल निगरानी में रखा गया. रोज उसकी ड्रेसिंग और रिकवरी को मॉनिटर किया जाता था. आखिरकार डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई. 'मरीज अब पूरी तरह से ठीक हो चुका है. वह सामान्य रूप से यूरिन पास कर पा रहा है और उसके जननांग की कार्यक्षमता भी पूरी तरह से बहाल हो चुकी है. वह अब एक सामान्य जिंदगी जी सकता है.' एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने इस कामयाबी को प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया है. आमतौर पर लोग सोचते हैं कि प्लास्टिक सर्जरी का मतलब सिर्फ चेहरा सुंदर बनाना या कॉस्मेटिक सर्जरी होता है. लेकिन डॉक्टरों ने साफ किया कि यह मेडिकल साइंस की वो शाखा है जो किसी हादसे, गंभीर चोट, कैंसर या जन्मजात विकृति के शिकार लोगों को एक नया आत्मसम्मान और सामान्य जिंदगी जीने का हक देती है. इस मामले में भी डॉक्टरों ने न सिर्फ एक युवक का अंग बचाया, बल्कि उसे डिप्रेशन और एक दर्दनाक भविष्य से भी बचा लिया.

# राम मंदिर की जमीन पर बनेगी मस्जिद! भारत से हजारों किलोमीटर दूर मचा बवाल, सवालों के घेरे में इस देश की सरकार

( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या।** भारत में हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद हमेशा से ही संवेदनशील मामले रहे हैं। अयोध्या का राम मंदिर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जिसे लेकर देश में दंगे तक हुए भारत में सड़क से लेकर संसद का सालों तक यह सवाल बना रहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनेगा या फिर मस्जिद। इस विवाद का अंत 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुआ और अब अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर है।

एक ऐसा ही विवाद भारत से हजारों किलोमीटर दूर ब्रिटेन में उठा खड़ा हो गया है। जहां 40 साल पुराने राम मंदिर की जमीन पर अब मस्जिद बनाने की तैयारी चल रही है। हिंदू पक्ष का आरोप है कि इलाके में उनका एकलौटा मंदिर उनसे छीना जा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि ब्रिटेन की सरकार इस पर लगातार नजर बनाए हुए है। आइए आपको बताते हैं कि पूरा विवाद क्या है इसका अफ्रीका से क्या संबंध है मामला ब्रिटेन के पीटरबरो शहर का है। जहां लगभग चार दशक पुराने मंदिर की संपत्ति को लेकर विवाद अब गंभीर कानूनी रूप ले चुका है। यह मामला भारत हिंदू समाज (क्चा॥स्) और यूके इस्लामिक मिशन के बीच है उस इमारत के स्वामित्व को लेकर है, जहां लंबे समय से हिंदू मंदिर संचालित हो रहा है। क्चा॥स् ने पीटरबरो




काउंसिल (नगर निगम) द्वारा मंदिर की जमीन को चढ्ढरूको बेचे जाने के फैसले को ब्रिटेन के हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने फिलहाल मामले पर स्टे लगा दिया है। जानकारी के मुताबिक, पीटरबरो के जिस राम मंदिर की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसकी स्थापना भारत हिंदू समाज ने साल 1986 में की थी। क्चा॥स् मे अधिकतर वो हिंदू परिवार हैं जो 1970 में युगांडा छोड़कर ब्रिटेन आए थे। 1970 के दशक में युगांडा पर ईदी अमीन का शासन था, जो एशियाई लोगों को अपने देश का दुश्मन मानता था। इसलिए उसने सत्ता संभालते ही एशियाई लोगों और खासकर भारतीयों को युगांडा छोड़ने का आदेश दिया। ईदी अमीन के फैसले के चलते 1970 के दशक में करीब 80 हजार भारतीय मूल के लोगों को युगांडा छोड़कर जाना पड़ा था। इनमें से कई लोग अमेरिका जाकर बसे, तो कई ब्रिटेन और यूरोप आए। इन्हीं में करीब 30 परिवारों ने पीटरबरो को अपना नया ठिकाना बनाया। हालांकि यहां पहले से ही कुछ भारती परिवार रह रहे थे, लेकिन अब युगांडा से 30 और परिवार और आकर रहने लगे, तो उन्होंने अपना एक मंदिर बनाने का प्लान बनाया। पीटरबरो के हिंदू परिवारों ने एक संस्था बनाई जिसका नाम उन्होंने भारत हिंदू समाज रखा। इसके बाद उन लोगों ने इलाके के एक खाली पड़े सरकारी स्कूल को सिटी काउंसिल से किराए पर लेकर वहां मंदिर की स्थापना की। इसके बाद यहां योग सेंटर खोला गया, बच्चों को भाषाएं सिखाई गई और हफ्ते में एक दिन यहां भंडारा भी कराया जाता है। यह सिलसिला 1986 के बाद से ही जारी है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब काउंसिल ने लगातार हो रहे वित्तीय नुकसान की भरपाई के लिए मंदिर की जमीन को बेचने का ऐलान किया। हालांकि काउंसिल ने क्चा॥स् वादा किया था कि वो जब भी इस जमीन को बेचने का मन बनाएंगे सबसे पहले उन्हें बताएंगे और उन्ही को बेच देंगे। काउंसिल ने ऐसा किया भी, क्चा॥स् ने इस संपत्ति को खरीदने के लिए 13 लाख पाउंड की बोली लगाई थी

# प्रधानमंत्री जी 1948 में बना बुंदेलखंड राज्य बुन्देलखण्डियों को वापस दे दीजिये : गंगा चरण राजपूत

## विभिन्न संगठनों और पत्रकारों, नेताओं कलाकारों खिलाड़ियों और प्रधानों साहित सभी वर्गों ने दिया उत्साहपूर्ण समर्थन

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी**! प्रधानमंत्री जी 1948 में बना बुंदेलखंड राज्य मुझे वापस दीजिये - यह बात बुंदेलखंड राज्य बनाओ के संयोजक एवं चार बार के पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने कहीं वो आज स्थानीय लेमन ट्री होटल के सभागार में गा चरण राजपूत विभिन्न संगठनों और पत्रकारों कलाकारों खिलाड़ियों और प्रधानों तथा बड़ी संख्या में बुंदेलखंडी के को संबोधित कर रहे थे और 1948 48 में बुंदेलखंड की रियासत के 32 राजाओं ने भारत सरकार के साथ एक विलय संधि की थी जिसके तहत इन राजाओं ने इस तर्ज पर भारत में विलय किया था की बुंदेलखंड राज्य को एक अलग राज्य का दर्जा दिया जाएगा जिला संधि की तर्ज 1948 में हुए समझौते में भारत सरकार की ओर से बीपी मेनन में हस्ताक्षर किए थे संधि में यह तय हुआ था की बुंदेलखंड को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में रखा जाएगा जिसकी अपनी अलग विधानसभा कार्यपालिका और न्यायपालिका होगी इसके तहत बुंदेलखंड राज्य का निर्माण किया गया जिसके मुख्यमंत्री कामता प्रसाद सक्सेना बने और जिसकी राजधानी नौगांव मध्य प्रदेश थी लेकिन 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष के नाते फजर अली ने राज्य पुनर्गठन आयोग अध्यक्ष के नाते जो रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी उसमें बुंदेलखंड को बांट दिया बुंदेलखंड का एक हिस्सा उत्तर प्रदेश में दूसरा हिस्सा मध्य प्रदेश में मिला दिया गया सबसे आज तक प्रत्येक बुंदेलखंड राज्य की लड़ाई चल रही है उन्होंने कहा प्रत्येक बुंदेलखंड राज्य में उत्तर प्रदेश के झांसी बांदा ललितपुर हमीरपुर जालौन महोबा चित्रकूट है जबकि मध्य प्रदेश के सागर दतिया छतरपुर टीकमगढ़ पन्ना निवाड़ी के इलाके इसमें शामिल किए गए हैं उन्होंने कहा आज पूरे देश में बुंदेलखंड के ही मजदूर करने के लिए मजदूरी करने के लिए जाते हैं जबकि हमारे बुंदेलखंड में हीरा पन्ना बालू जिसे लाल सोना कहा जाता है पहाड़ पेड़ प्रचुर मात्रा में है जिनका हर सरकार में



अवेद हा कटान और खनन होता है जिसकी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है माह जून में बुंदेलखंड के बांदा जिले का तापमान तीन दिनों तक लगातार विश्व भर में सबसे ज्यादा 48.8 तक रहा है दुनिया भर के वैज्ञानिकों का यह मानना है की जो छोटे पहाड़ होते हैं वह भूकंप रोधी होते हैं जब यह करते जाएंगे तो एक दिन ऐसा आ जाएगा बुंदेलखंड क्षेत्र भूकंप का क्षेत्र हो जाएगा श्री राजपूत ने कहा जब अपना राज बनेगा तो मनरेगा मजदूरों की जो प्रतिदिन की मजदूरी है वह 860 रुपए प्रतिदिन कर दी जाएगी और उसे किसी कार्यों से जोड़ दिया जाएगा जिसके चलते मजदूरों को कहीं और मजदूरी करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा जब बुंदेलखंड राज बन जाएगा तो यहां एसडीएम से लेकर क्लर्क तक तथा सिपाही से लेकर सीओ तक सब की नियुक्तियां होंगी इसके अलावा अपना राज बनने पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए सस्ती दरों पर या सब्सिडी पर धन उपलब्ध कराया जाएगा जिससे वह अपने रोजगार के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम होंगे उन्होंने कहा अपना राज बनने पर लोकतंत्र सेनानी की तर्ज पर बुंदेलखंड सेनानी को 10000 प्रतिमाह की पेंशन उन्हें मिलेगी जो बुंदेलखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष करेंगे जरूरत पड़ने पर जेल भी जाएंगे उन्होंने कहा इसी तरह बुंदेलखंड राज्य बनने पर जूनियर अधिवक्ताओं को 5 साल तक 5000 प्रतिमा प्रेक्टिस भत्ता दिया जाएगा उन्होंने कहा जितने प्राइवेट विद्यालय हैं उनके शिक्षक और शिक्षकाओं को जो वेतन मिलता है उसमें 5 से 10000 तक प्रतिमा सहयोग सरकार करेगी श्री राजपूत ने कहा इसी तरह विभिन्न प्रदेशों में जो बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन मिल रही है उतनी ही पेंशन बुंदेलखंड के पत्रकारों को भी मिलेगी अपनी विधानसभा अपना हाई कोर्ट सब कुछ अपना होगा श्री राजपूत ने कहा कि उन्होंने बुंदेलखंड राज्य के लिए स्वर्गीय शंकर लाल मेहरोत्रा के साथ संघर्ष किया है लाठियां खाई हैं जेल गए हैं किसानों बेरोजगारों तथा बुंदेलखंड राज्य के लिए वह और उनका विधायक बेटा बृजभूषण सिंह राजपूत संघर्ष करते रहे हैं उन्होंने कहा कि वह संकल्प लेते हैं अपने मृत्यु होने तक बुंदेलखंड राज्य के लिए संघर्ष करते रहेंगे बहुत सहाय अब नहीं सहेंगे बुंदेलखंड राज्य लेकर रहेंगे इस अवसर पर बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार सत्येंद्र पाल सिंह ने गंगा चरण राजपूत की अगुवाई में आंदोलन को हर तरह से सहयोग देने के लिए कहा इस अवसर पर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव ने कहा जब कोई राष्ट्रीय चेहरा आंदोलन में आ जाता है तो आंदोलन की ताकत बढ़ जाती है अब हम बुंदेलखंड राज्य प्राप्त कर कर रहेंगे इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल 4ह ने कहा की 50 साल की पत्रकारिता के बाद उनका शेष जीवन बुंदेलखंड राज्य के लिए ही समर्पित रहेगा उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य पत्रकारों की वजह से बना और यहां इस संवाद की अध्यक्षता एक वरिष्ठ पत्रकार और संपादक रामसेवक अरजरिया की रहे हैं इसलिए अब मुख्य अतिथि राजपूत जी ने पत्रकारों से आशीर्वाद मांगा है और पत्रकारों में उन्हें समर्थन दिया है इसलिए राज्य बनकर रहेगा इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी रेनू गोस्वामी लोक कलाकार राधा प्रजापति ने भी अपनी-अपनी फील्ड के खिलाड़ियों तथा तथा लोक कला के कलाकारों को इस आंदोलन में जोड़ने की घोषणा की शिक्षक नेता राम सिया यादव ने शिक्षकों और नौजवानों को इस आंदोलन से जुड़ने की बात कही संदीप सरावगी ने बुंदेलखंड राज्य के लिए तन मन धन से सहयोग की बात कही पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर परीक्षा नेता घनश्याम कोरी मनीष राजपूत शैलेंद्र मोहन अवस्थी जो इस कार्यक्रम के संयोजक थे ने भी पूरी ताकत के साथ इस आंदोलन को मजबूत करने की बात कही इस अवसर पर प्रधान दीपेंद्र राजपूत प्रधान महेंद्र गिरिराज निर्बल नंदलाल हरिशंकर मोहर सिंह यशवंत प्रधान पहलाद विभिन्न संगठनों और पत्रकारों कलाकारों खिलाड़ियों और प्रधानों प्रधान रविंद्र प्रधान पुष्पेंद्र प्रधान राजीव समाधिया विद्याधर राजपूत जितेंद्र वर्मा आदि ने भी विचार व्यक्ति है गुलाम गौस खान बुंदेलखंड राज्य कमेटी के जिला अध्यक्ष मुशीर अहमद मीडिया प्रभारी मुजीब आलम संवाद की अध्यक्षता कर रहे संपादक रामसेवक अरजरिया ने कहा बुंदेलखंड के पत्रकार बुंदेलखंड राज बनाने के लिए हर तरह से तैयार हैं मेरा विश्वास है बुंदेलखंड राज्य अब बंद कर रहेगा कार्यक्रम का संयोजक शैलेंद्र मोहन अवस्थी तथा आभार समाजसेवी रमाकांत राजपूत ने व्यक्त किया

# एईएसएल के स्टूडेंट प्रखर सिंह नीट यूजी 2026 में एआईआर 384 के साथ

## - झांसी सिटी टॉपर बने



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । टेस्ट की तैयारी कराने वाली सर्विसेज़ में नेशनल लीडर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड ने गर्व के साथ घोषणा की कि झांसी ब्रांच के क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट प्रखर सिंह, नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2026 में ऑल इंडिया रैंक 384 हासिल करके झांसी सिटी टॉपर बने हैं। यह शानदार परफॉर्मेंस प्रखर की लगातार कड़ी मेहनत, पक्के इरादे और डिसिप्लिन्ड तैयारी को दिखाता है, जिसे आकाश में एकेडमिक मेंटरशिप और स्ट्रक्चर्ड लर्निंग इकोसिस्टम का सपोर्ट मिला है। एईएसएल ने एक बार फिर नीट यूजी 2026 में शानदार परफॉर्मेंस देकर मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद इंस्टीट्यूट के तौर पर अपनी जगह पक्की की है। धनंजय कुमार मिश्रा रीजनल डायरेक्टर एईएसएल ने कहा प्रखर की अचीवमेंट पूरे आकाश झांसी परिवार के लिए गर्व का पल है। उनके डिसिप्लिन, कंसिस्टेंसी और सीखने की इच्छा ने उन्हें उनकी तैयारी के दौरान सबसे अलग बनाया। हम उन्हें और उनके परिवार को इस कामयाबी के लिए बधाई देते हैं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए प्रखर सिंह ने कहा एआईआर 384 लाना और झांसी सिटी टॉपर बनना एक सपना सच होने जैसा है। मैं अपने माता-पिता को हमेशा मुझ पर भरोसा करने के लिए और आकाश में अपने टीचरों को उनके लगातार गाइडेंस और मोटिवेशन के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं। रेगुलर मॉक टेस्ट, डिटेल्ड परफॉर्मेंस एनालिसिस, डाउट-सॉल्विंग सेशन और डिसिप्लिन्ड क्लासरूम लर्निंग ने मुझे अपने कॉन्सेप्ट्स को मज़बूत करने और अपनी तैयारी के दौरान फोकस्ड रहने में मदद की। यह अचीवमेंट मुझे एक सफल डॉक्टर बनने के लिए और भी ज़्यादा मेहनत करने के लिए इंस्पायर करती है। इस साल, आकाश के स्टूडेंट्स ने टॉप 10 में चार स्टूडेंट्स, टॉप 50 में 18 स्टूडेंट्स और देश भर में टॉप 100 में 41 स्टूडेंट्स के साथ टॉप रैंक हासिल की और यह संख्या बढ़ती जा रही है। ये शानदार नतीजे एईएसएल की एकेडमिक एक्सीलेंस की विरासत, इसके स्टूडेंट-सेंट्रिक अप्रोच और एक्सपर्ट फैकल्टी, कॉम्प्रिहेंसिव स्टडी मटीरियल, कड़ी टेस्टिंग और पर्सनलाइज्ड मेंटरिंग के ज़रिए देश भर में लगातार टॉप-रैंकिंग वाले मेडिकल एस्पिरेंट्स तैयार करने की इसकी क्षमता को दिखाते हैं।

# एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूकता युवा उत्सव कार्यक्रम राजकीय हाईस्कूल भोजला में सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के निर्देशन में आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय हाई स्कूल, भोजला, झाँसी में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 8, 9 एवं 11 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भ्रांतियों का निवारण करना तथा सही एवं वैज्ञानिक जानकारी का प्रसार करना था। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने एचआईवी/एड्स, सामान्य स्वास्थ्य एवं क्षय रोग (टीबी) से संबंधित विषयों पर अपनी जानकारी एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 यू0एन0 सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी, झाँसी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एचआईवी/एड्स के संबंध में समाज में व्याप्त मिथकों एवं गलत धारणाओं को दूर करना तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सम्मान एवं सहयोग की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं जन-जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिशा क्लस्टर, झाँसी से शैलेन्द्र यादव तथा सी0पी0एम0 रितु पाण्डेय ने एचआईवी/एड्स एवं टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में जनपद झांसी के विभिन्न विद्यालयों की 30 टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान - मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झाँसी की नैन्सी एवं त्रिशा विजय; द्वितीय स्थान- सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, दतिया गेट (बाहर), झाँसी की लावण्या यादव एवं महक पटेल तृतीय स्थान - माउंट लिटरा ज़ी स्कूल, झाँसी से अथर्व नायक एवं तेजस कौशिक एवं सांत्वना पुरस्कार न्यू एरा पब्लिक स्कूल के शुभ अग्रवाल एवं भूमि राय को दिया गया। विजेता टीमों को क्रमशः 2500, 2000, 1500 एवं 500 की पुरस्कार राशि तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी नीतू सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजेता रिछारिया, वर्षा चौरसिया, जयंती गौतम, घनश्याम, मूर्ति दांगी, कल्पना सिंह, दिव्या वर्मा, अर्चना पचौरी, रचना स्वर्णकार, दमयंती वर्मा, खेम कुमारी, प्रफुल्ल दुबे, कमलेश यादव, सौरभ गुप्ता, सत्येंद्र यादव, रोहित नायक, राजपाल सिंह, अमित सक्सेना, अनिल गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, आरिफ, तुषेंद्र राजपूत, अरमान यादव आदि उपस्थित रहे.कार्यक्रम का समापन राजकीय हाईस्कूल भोजला की प्रधानाचार्या डॉक्टर शालू सिंह द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया.

# शिक्षकों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

## सांसद को ज्ञापन सौंप विधेयक लाकर सेवा सुरक्षा की रखी मांग

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी**। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर सांसदों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक - शिक्षिका शिक्षा भवन में एकत्रित हुए। यहां से समूह में झांसी ललितपुर लोकसभा से सांसद अनुराग शर्मा से मिलने पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए पूर्व से नियुक्त अध्यापकों को आदेशित किया जाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों पर बाद में तय किए गए मानदण्ड लागू करने के निर्णय को गलत करार दिया। शिक्षकों ने मांग रखी कि केन्द्र सरकार अधिनियम में आवश्यक विधायी संशोधन करते हुए शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करे। राष्ट्र निर्माण में वर्षों से योगदान देने वाले अध्यापकों पर परीक्षा थोपने को शर्मनाक बताया। शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों के भविष्य से खिलवाड़ को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से तत्काल आवश्यक कार्यवाही की मांग की। इस दौरान जिला मंत्री मृत्युंजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण राय, प्रवक्ता अब्दुल नोमान, संयुक्त मंत्री शिवकुमार पाराशर, कोषाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बबीना जितेन्द्र त्रिपाठी, मंत्री उमेश पाराशर, ब्लॉक अध्यक्ष गुरसरांय अविनाश गोस्वामी, मंत्री इंद्रपाल घोष, चिरगांव अध्यक्ष मोहित मिश्रा, मंत्री मुकेश कुमार, बंगरा अध्यक्ष आदित्य निरंजन, मंत्री अखिलेश रघुवंशी, मऊरानीपुर अध्यक्ष अजय परिहार, मंत्री योगेन्द्र द्विवेदी, बड़ागांव अध्यक्ष मनोज तिवारी, मंत्री अमरपाल सिंह, बामौर अध्यक्ष रवि निरंजन, मंत्री शशांक अमरया, मोठ अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, मंत्री विनय गुप्ता, आनन्द मोहन मिश्रा, डॉ. अनिरुद्ध रावत, अरुण निरंजन, डॉ. अखिलेश गोस्वामी, अकील अहमद खान, धर्मेन्द्र सोलंकी, पुष्पेन्द्र कुशवाहा, अनुज शुक्ला, कैलाश चन्द्र वैश्य, रविन्द्र कुमार तिवारी, अवधेश कुमार द्विवेदी, राजेश गुप्ता, मुजफ्फर अली, हिमांशु पाठक, कृष्णकांत पटेरिया, देवेन्द्र गुप्ता, प्रशान्त द्विवेदी, उमाशंकर रावत, रामराजा शिवहरे, जयसिंह नागिल, भारत भूषण सिंह, जितेन्द्र सिंह, डॉ. प्रियंवदा मिश्रा, प्रवेशिका तिवारी, प्रदीप शर्मा, कमलेश गुप्ता, अन्नू सिंह, पिंकी रानी, पूजा निरंजन, मोनिका सिंह, रीना गुप्ता, अंतरिक्ष कुशवाहा, मुकेश वर्मा, रविता सिंह, सुनील सोनी, रमन प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, गीता द्विवेदी, शुभम साहू, सुनीता देव, कपिल चौबे, अरविन्द दीक्षित, जगदीश ककौरिया, शहजाद अहमद, अखिलेश पटेल, रीता आहूजा, मुकेश सिंह, सोनम चौरसिया, रचना शर्मा, पंकज अग्रवाल, अंजना वर्मा, नीलम चतुर्वेदी, गोविन्द निरंजन, रविकांत विदुआ, आदित्य निरंजन, अरुण कुमार, वीर सिंह राजपूत, कौशल वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र पटेल, सुरेन्द्र पटेल, कालीचरण, चन्द्रभान सिंह, शशांक अमरया, डॉ. बृजेश दीक्षित, शैलेन्द्र सोनी, छिद्दू खान, मोनल पटेल आदि मौजूद रहे।

# टीकमगढ़, महाराजा छत्रसाल छतरपुर, हरपालपुर एवं भिण्ड स्टेशन आधुनिक सुविधाओं और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान के साथ नए स्वरूप में हुए राष्ट्र को समर्पित

## आधुनिक अवसंरचना और क्षेत्रीय विरासत का संगमः झाँसी मंडल के चार अमृत भारत स्टेशनों का लोकार्पण

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी**। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 20 राज्यों में पुनर्विकसित 75 अमृत भारत स्टेशनों का राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें मध्य प्रदेश के 13 अमृत स्टेशन शामिल हैं। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल अंतर्गत टीकमगढ़, महाराजा छत्रसाल छतरपुर, हरपालपुर तथा भिण्ड रेलवे स्टेशनों का भी लोकार्पण किया गया। यह उपलब्धि क्षेत्र में आधुनिक रेल अवसंरचना, बेहतर यात्री सुविधाओं तथा स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

चारों स्टेशनों पर आयोजित समारोहों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, रेलवे अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों का पुनर्विकास स्थानीय स्थापत्य, सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय के साथ किया गया है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव उपलब्ध होगा। टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित लोकार्पण समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने मुख्यमंत्री का पौधा एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, वन राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक जतारा श्री हरिशंकर खटीक तथा विधायक टीकमगढ़ श्री यादवेन्द्र सिंह का पौधा एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोयले से प्रारंभ हुई रेल यात्रा आज हाइड्रोजन तकनीक तक पहुँच गई है, जो भारतीय रेलवे की प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ का पुनर्विकसित स्टेशन बुंदेलखंड की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का प्रतिबिंब है। बढ़ती रेल कनेक्टिविटी से क्षेत्र में रोजगार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन यहाँ आने वाले यात्रियों को बुंदेलखंड की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराएगा। टीकमगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन भवन का उन्नयन, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, आधुनिक प्रतीक्षालय, एग्जीक्यूटिव लाउंज, आकर्षक फसाड, पार्किंग क्षेत्र का विस्तार, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएँ तथा अन्य आधुनिक यात्री सुविधाएँ विकसित की गई हैं।महाराजा छत्रसाल छतरपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब छतरपुर में रेल सुविधा का सपना देखा जाता था, जबकि आज यह स्टेशन आधुनिक भारत की नई पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारतीय रेलवे ने अभूतपूर्व विकास किया है और आज देश विश्वस्तरीय रेल अवसंरचना की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तीन स्टेशन—हरपालपुर, टीकमगढ़ और छतरपुर—का एक साथ लोकार्पण क्षेत्र के विकास का नया अध्याय है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए चुनिंदा पुनर्विकसित स्टेशनों में महाराजा छत्रसाल छतरपुर स्टेशन भी शामिल रहा। उन्होंने वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी स्वदेशी ट्रेनों का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारतीय रेलवे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।महाराजा छत्रसाल छतरपुर स्टेशन पर स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण, प्लेटफॉर्म सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, आकर्षक फसाड, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएँ तथा अन्य यात्री सुविधाओं का विकास किया गया है। हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित लोकार्पण समारोह में राज्यसभा सांसद श्री महेश केवट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि स्टेशन के पुनर्विकास से हरपालपुर को नई पहचान मिली है और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# एमएलसी ने गढ़वई में हदबंदी की झूठी रिपोर्ट लगाने वाले कानूनगो और लेखपाल के खिलाफ कार्यवाई के लिए डीएम को पत्र लिखा

( यंग भारत न्यूज )

**बामौर**। शिक्षक विधायक ( एम. एल.सी. ) प्रयागराज - झाँसी डॉ. बाबूलाल तिवारी ने जिलाधिकारी - झाँसी गोरांग राठी को पत्र लिखकर गरोठा के ग्राम गढ़वई में डॉ. श्याम जी कृष्ण मिश्रा, एडवोकेट के खेत गाटा संख्या-278 में सीमावर्ती कृषको द्वारा कब्जे की शिकायत के उपरांत हदबंदी की झूठी रिपोर्ट देने वाले और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य न करने वाले राजस्व निरीक्षक जिनेन्द्र कुमार जैन और लेखपाल मुकुल द्विवेदी के खिलाफ कार्यवाई और एस. डी. एम.- गरोठा को मौके पर भेजकर दूसरे राजस्व निरीक्षक और लेखपाल से नाप करवाने और पीड़ित कृषक को उनकी 0.8300 हेक्टेयर भूमि पर तुरंत कब्ज़ा दिलाने को कहा है।

गरोठा तहसील के ग्राम गढ़वई में झाँसी निवासी डॉ. श्याम जी कृष्ण मिश्रा एवं ज्योतिर्मय मिश्रा की पैतृक संपत्ति है और उनके पिताजी स्वर्गीय विष्णु दत्त मिश्रा को पारिवारिक बटबारे में गाटा संख्या - 278 का 1/5 हिस्सा मिला था जिसमें 0.8300 हेक्टेयर अर्थात करीब 5 बीघा का खेत मिला था और पिताजी की वर्ष- 2018 में मृत्यु के उपरांत दौनो भाइयों के नाम उपरोक्त खेत चढ़ गया परन्तु अन्य हिस्सेदारो ने उक्त खेत की मेड़ को तोड़कर उक्त खेत के काफ़ी हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया और मौके पर केबल 3.25 बीघा खेत हैद्य खेत की ज़मीन पूरी प्राप्त करने के लिए न्यायालय उप जिलाधिकारी, गरोठा में राजस्व संहिता-2006, अंतर्गत धारा-24 में 13/03/2026 को वाद दायर किया जिसकी वाद संख्या - 01072/ 2026 है और इसका निर्धारित राजस्व भी सरकारी कोष में जमा किया गया जिसके उपरांत पिछले माह 14 जून 2026 को सम्बंधित राजस्व निरीक्षक जिनेन्द्र कुमार जैन और लेखपाल मुकुल द्विवेदी ने चैनमेन अशोक के साथ मौके पर जाकर जरीब डालकर दर्जनों ग्रामीणों के सामने खेत की नाप की तो वह मात्र सबा 3 बीघा निकला जबकि मौके पर ही उक्त खेत की सीमा से लगे अन्य सह खातेदारों उदित कुमार मिश्रा, श्रीप्रकाश मिश्रा, शिवदत्त मिश्रा और विजय कुमार मिश्रा का खेत उनकी गाटा संख्या-278 के बंटवारे में मिली नाप से ज्यादा मिला। राजस्व निरीक्षक जिनेन्द्र कुमार जैन ने खेत गाटा संख्या - 278 के अन्य सह खातेदारों से मिलकर 19/6/2026 को हदबंदी की रिपोर्ट झूठी दे दी है जिसमें बताया की 14/6/2026 को स्थलीय निरीक्षण में मौके पर आबादी होने के कारण जरीब नहीं डल सकी और प्लाट नहीं बन सका जो सरासर झूठ था क्योंकि ग्रामीणों के सामने दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक जरीब डालकर खेत की नाप की गयी और उसके उपरांत पीड़ित पक्ष और कुछ ग्रामीणों से एक खाली कागज के किनारे लाइन बनाकर हस्ताक्षर करवा लिए की इस पर नाप लिखकर हदबंदी की रिपोर्ट लगा देंगे और उसके बाद खेत का सीमांकन हो जायेगा एवं पत्थर गड्डी करवा देंगे लेकिन राजस्व निरीक्षक जिनेन्द्र कुमार जैन ने विपक्षी पार्टियों से मिलकर झूठी रिपोर्ट लगा दी जो सरासर गलत और अन्यायपूर्ण है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718